फरीदाबाद में भारतीय वायु सेना के कर्मचारियों द्वारा दंगे

1180. **श्री विभूति मिश्र :**
श्री बाबूराव पटेल :
श्री म० ला० सोंधी :
श्री ओंकार सिंह :

श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 7 जनवरी, 1969 को फरीदाबाद (हरयाणा) में दंगा फसाद करते हुए कुछ वैमानिको को पुलिस ने गिरफ्तार किया था तथा सेना अधिकारियो को सौंप दिया था; और

(ख) यदि हां, तो उनके विरुद्ध सेना अधिकारियों ने क्या कार्यवाही की है ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) फरीदाबाद में झगड़ा करने के लिए 7 जनवरी, 1969 को पुलिस द्वारा 1 सार्जेंट और 4 अवर श्रेणी सैनिकों को गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें वायु सेना पुलिस के हवाले कर दिया गया था।

(ख) उक्त घटना की जांच के लिए एक कोर्ट आफ इन्क्वायरी आदिष्ट की गई थी, और रिपोर्ट निरीक्षणाधीन है।

हिन्दी समाचार कतरन

1181. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
कुमारी कमला कुमारी :
श्री मोलहू प्रसाद :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री 18 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4955 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय प्रेस इन्फारमेशन ब्यूरो किन हिन्दी तथा अंग्रेजी दैनिको में से समाचार कतरन लेते हैं,

(ख) क्या यह सच है कि विभिन्न मंत्रालयो को भेजी जाने वाली हिन्दी समाचार कतरनों की संख्या अंग्रेज़ी समाचार कतरनों से बहुत कम है जबकि हिन्दी समाचार पत्रों से अधिक समाचार कतरनों की आवश्यकता है तथा उनसे अधिक समाचार कतरन प्राप्त हो सकती हैं, और

(ग) अंग्रेज़ी तथा हिन्दी की समाचार कतरनें काटने के लिए अलग-अलग कितने कर्मचारी नियुक्त हैं तथा उनके वेतनमान क्या-क्या हैं ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) पत्र सूचना कार्यालय जिन अंग्रेजी और हिन्दी के समाचारपत्रों की करतनें लेता है, उनकी सूची सभा पटल पर रखदी गई है। (**पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या** LT-7 147/1969)

(ख) सरकार के विभिन्न मंत्रालयों। विभागों इत्यादि को भेजी जाने वाली हिन्दी समाचारपत्रों। पत्रिकाओं की संख्या आजकल कम है, परन्तु फिलहाल इसको पर्याप्त पाया गया है।

(ग) पदनाम	नियुक्त कर्मचारी हिन्दी कतरनों के लिए	नियुक्त कर्मचारी अंग्रेजी कतरनों के लिए	वेतनमान
सहायक सूचना अधिकारी	1	1	350-25-500-30-530 द. अ. 30-800रुपये

पदनाम	नियुक्त कर्मचारी		वेतनमान
	हिन्दी कतरनों के लिए	अंग्रेजी कतरनों के लिए	
सूचना सहायक	5	2	270-10-290-15-410-द.अ. 15-485 रुपये
सहायक/ उच्च श्रेणी लिपिक	4	—	सहायक-210-10-270-15-300 द.अ. 15-450-द. अ.-20-530 रुपये उच्च श्रेणी लिपिक : 130-5-160-8-200-द.अ.-8-280 रुपये
लिपिक	1	—	110-3-131-4-155-द. अ.-4-175-5-180 रुपये
दफतरी	12	2	75-1-85-द.अ.-2-95 रुपये
चपरासी	1	—	70-1-80-द.अ.-1-80 रुपये

प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया और समाचार भारती को वित्तीय सहायता

1182. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
कुमारी कमला कुमारी :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री 18 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4959 के उत्तर के सम्बध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रेस ट्रस्ट आफ इण्डिया तथा 'समाचार भारती' को दूसरी किश्तों का भुगतान करने के सम्बन्ध में इस बीच विचार किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो किश्तों का कब भुगतान किया गया था और वे किश्तें कितनी राशि की थीं ;

(ग) यदि नहीं, तो बिलम्ब के क्या कारण हैं और इसका भुगतान कब तक किये जाने की सम्भावना है ;

(घ) क्या उपकरण खरीदने के लिये 'हिन्दुस्तान समाचार' को ऋण देने के प्रश्न पर इस बीच विचार किया गया है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और सचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) :

(क) से (ग) प्रेस ट्रस्ट आफ इण्डिया को 12 लाख रुपए और समाचार भारती को 75,000 रुपए की ऋण की दूसरी किश्तों को रिलीज़ करने की वित्तिय मंज़ूरियां पहले ही दी जा चुकी हैं, और उनके जनरल मैनेजरों को ट्रेज़री से अपनी-अपनी राशियां लेने के लिए अधिकृत कर दिया गया है ।

(घ) और (ङ). मामला विचाराधीन है।

वैदेशिक सेवाओं में हिन्दी प्रसारण

1183. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
कुमारी कमला कुमारी :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री, 18 दिसम्बर, 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 820 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी के विदेश सेवा प्रसारणो में अंग्रेजी प्रसारण की तुलना में हिन्दी